Affiliation By- Dr. Bhimrao Ambedkar University, Agra

# महात्मा गाँधी बालिका विद्यालय (पी.जी.) कॉलेज,

फिरोजाबाद-283203

## 2021-2022

# सांस्कृतिक समिति

**डॉ. निर्मला यादव**
प्राचार्या

**डॉ. निष्ठा शर्मा**
सांस्कृतिक प्रभारी
(असिस्टेंट प्रोफेसर-संगीत गायन)

# महात्मा गाँधी बालिका विद्यालय (पी.जी.) कॉलेज, फिरोजाबाद

## सांस्कृतिक समिति – वार्षिक आख्या

### 2021–2022

महात्मा गाँधी बालिका विद्यालय (पी.जी.) कॉलेज, फिरोजाबाद में अध्ययनरत् छात्राओं के बहुमुखी विकास हेतु सत्र 2021–22 में महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ निर्मला यादव के मार्गदर्शन में अनेक गतिविधियों एवं कार्यक्रमों का संयोजन किया गया। इन गतिविधियों में कलात्मक, साहित्यिक, सामाजिक एवं देशभक्ति इत्यादि कार्यक्रमों का आयोजन महाविद्यालय के सभी विभागों द्वारा किया गया, जिससे छात्राओं का शिक्षण, अनुकरण और अनुशासन के साथ ही सामाजिक संचरण के माध्यम से सांस्कृतिक विकास हो।

सर्वप्रथम देशभक्ति कार्यक्रमों के अन्तर्गत सत्र के आरम्भ में स्वतन्त्रता दिवस के शुभ अवसर पर छात्राओं ने देशभक्ति गीतों को प्रस्तुत किया। डॉ0 प्रियदर्शिनी उपाध्याय (एसोसिएट प्रोफेसर–संगीत) के निर्देश में ''लहर–लहर लहराये तिरंगा'' तथा डॉ0 निष्ठा शर्मा (असि0प्रो0–संगीत गायन) के निर्देशन में ''आज का दिन है भारत की आजादी का'' गीत का ओजपूर्ण प्रस्तुतिकरण हुआ। तबले पर संगत श्रीमती ममता गुप्ता द्वारा दी गई।

गाँधी जयन्ती के पावन अवसर पर छात्राओं ने गाँधी जी के प्रिय भजन ''वैष्णव जन तो तेने कहिए'' की मधुर प्रस्तुति दी।



देशभक्ति कार्यक्रमों की इसी श्रृंखला में गणतन्त्र दिवस के अवसर पर सांस्कृतिक प्रभारी डॉ0 निष्ठा शर्मा के संयोजन एवं निर्देशन में ''विजयी विश्व तिरगां प्यारा'' झंडा गीत, का गायन सरितां यादव, कविता पाण्डेय, कंचन, कलश, वर्षा पचौरी, मुस्कान आदि छात्राओं द्वारा हुआ।



बी0ए0 तृतीय वर्ष की छात्रा सरिता यादव ने ''वन्दे मातरम्'' सम्पूर्ण राष्ट्रगीत की प्रस्तुति से सभी को मंत्रमुग्ध किया।



डॉ0 प्रियदर्शिनी उपाध्याय तथा डॉ0 निष्ठा शर्मा द्वारा "ऐ मेरे वतन के लोगो" गीत की सुमधुर एवं भावपूर्ण प्रस्तुति दी गई। निशा (असि0प्रो0–समाजशास्त्र) ने गणतन्त्र दिवस के बारे में छात्राओं को सम्बोधित करते हुए वक्तव्य दिया।

राष्ट्रीय भावनाओं से ओत–प्रोत महाविद्यालय के अध्यक्ष श्री राजेश्वर प्रसाद बंसल, मण्डल सचिव श्री डी0 एन0 शर्मा, सचिव अनिल उपाध्याय, तथा प्राचार्या डॉ0 निर्मला यादव ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया। श्री अनूप चन्द्र जैन एडवोकेट ने तथा महाविद्यालय प्राचार्या ने प्रत्येक दिवस की महिमा एवं ऐतिहासिकता को बताते हुए सभी को सम्बोधित किया।




दिनांक 31.03.2022 को वार्षिकोत्सव एवं पुरस्कार वितरण का आयोजन महाविद्यालय की प्राचार्या डा0 निर्मला यादव के निर्देशन मे किया गया। इस कार्यक्रम की सांस्कृतिक प्रभारी एवं कार्यक्रम संयोजक संगीत विभाग की असिस्टेंट प्रोफेसर डा0 निष्ठा शर्मा रहीं। मंच संचालन संस्कृत विभाग की असिस्टेंट प्रोफेसर डा0 अनीता चौरसिया एवं समाजशास्त्र विभाग की असिस्टेंट प्रोफेसर ऋचा सिंह द्वारा किया गया। विशिष्ट अतिथि प्राचार्या द्वारा कार्यक्रम का शुभारम्भ माँ सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण दीप प्रज्जवलित कर किया गया एवं संगीत विभाग की डा0 निष्ठा शर्मा के निर्देशन में संगीता, सरिता यादव, कंचन, मुस्कान आदि छात्राओं द्वारा सरस्वती वंदना प्रस्तुत की गयी जिसके शब्द थे जय–जय हे

वीणावाणि, शिव कल्याणी मात भवानी। इसी क्रम में बी0ए0 तृतीय वर्ष की छात्रा ज्योत्सना ने संस्कृत में भारत देश की महिमा को गीत के माध्यम से प्रस्तुत किया। महाविद्यालय की पूर्व छात्रा रिजा ने वक्त पर इमरान प्रतापगढ़ी की नज़्म को प्रस्तुत किया। सरिता यादव ने 'सुख के सब साथी दुख में न कोय' गीत गाकर सभा को अपने भावों से परिचित कराया।

बी0एस0सी0 की छात्रा मोनिका ने 'माँ' पर सुन्दर कविता प्रस्तुत किया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि महाविद्यालय के अध्यक्ष श्री राजेश्वर प्रसाद बंसल जी, मुख्य अतिथि महाविद्यालय सचिव श्री अनिल उपाध्याय जी एवं विशिष्ट अतिथि महाविद्यालय की प्राचार्या डा0 निर्मला यादव जी को छात्राओं ने पुष्पगुच्छ प्रदान कर वन्दन व अभिनन्दन किया।

छात्राओं के शैक्षिक विकास के साथ–साथ व्यक्तिम्व एवं सर्वांगीण विकास हेतु महाविद्यालय स्तर पर समस्त विभागों द्वारा विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाता है। सत्र 2020–21 में महाविद्यालय स्तर पर कुल 750 छात्राओं ने प्रतिभाग किया,

जिसमें प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली कुल छात्राएं – 32

द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाली कुल छात्राएं – 34

तृतीय स्थान प्राप्त करने वाली कुल छात्राएं – 28

विभिन्न प्रतियोगिताओं मे प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाली छात्राओं को दक्षता प्रमाण पत्र व डायरी प्रदान कर प्राचार्या व मुख्य अतिथि द्वारा सम्मानित किया गया।

महाविद्यालय स्तर पर शैक्षिक जगत में सर्वाधिक अंक प्राप्त (2019–2020) विषयवार प्राप्त करने वाली छात्राओं ने स्वयं एवं महाविद्यालय को गौरवान्वित किया गया। विभिन्न विभागों से कुल 9 छात्राएं इस प्रकार है –

| | विषय | छात्राओं के नाम |
|---|---|---|
| 1. | संस्कृत (स्नातकोत्तर) | स्वीटी यादव |
| 2. | समाजशास्त्र (स्नातकोत्तर) | तृप्ति यादव |
| 3. | संगीत (गायन) (स्नातकोत्तर) | मेघा वार्ष्णेय |
| 4. | बी0ए0 (स्नातक स्तर) | नम्रता |
| 5. | बी0एस0सी0 | सताक्षी उपाध्याय |
| 6. | बी0कॉम0 | रूपल गुप्ता |
| 7. | एम0एस0सी0 (रसायन विज्ञान) | शिवानी तिवारी |

8. एम0एस0सी0 (जन्तु विज्ञान) नौरीन अली

9. बी0एस0सी0 (गृह विज्ञान) साक्षी गुप्ता



छात्राओं ने विश्वविद्यालय स्तर पर भी 2019–2020 में सर्वाधिक अंक प्राप्त कर महाविद्यालय का सम्मान बढ़ाया। विश्वविद्यालय स्तर पर सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाली छात्राओं को विभिन्न पदक से सुशोभित किया।

| | | |
|---|---|---|
| नम्रता | – | विश्वविद्यालय स्तर पर सर्वाधिक अंक – स्वर्ण पदक |
| नम्रता | – | विश्वविद्यालय स्तर पर संस्कृत विषय में सर्वाधिक अंक – स्वर्ण पदक |
| नम्रता | – | विश्वविद्यालय स्तर पर स्नातक में संस्कृत विषय में सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाली महिला अभ्यर्थी – स्वर्ण पदक |
| नम्रता | – | विश्वविद्यालय स्तर पर स्नातक में हिन्दी विषय में सर्वाधिक अंक प्राप्त – रजत पदक |
| सायमा | – | विश्वविद्यालय स्तर पर स्नातक में उर्दू विषय में सर्वाधिक अंक – स्वर्ण पदक। |

महाविद्यालय एवं विश्वविद्यालय स्तर पर शैक्षिक जगत में सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाली छात्राओं को प्राचार्या व मुख्य अतिथि द्वारा शील्ड व मेडल प्रदान कर सम्मानित किया गया।

पुरस्कार वितरण के पश्चात महाविद्यालय के सचिव अनिल उपाध्याय ने छात्राओं की उपलब्धियों के महत्व को बताते हुए उनका उत्साहवर्धन किया। सचिव द्वारा गोल्ड मेडल प्राप्त छात्राओं को 2100 रू0 पुरस्कार देने की घोषणा की। जीवन में शिक्षा के महत्व को बताते हुए छात्राओं का मार्गदर्शन किया। महाविद्यालय की प्राचार्या ने छात्राओं का उत्साहवर्धन करते हुए शिक्षा की जीवन में उपयोगिता को बताया। वार्षिकोत्सव के समस्त कार्यक्रम की मीडिया रिपोर्ट मीडिया समिति – डा0 राज्यश्री मिश्रा (एसो0प्रो0 संस्कृत विभाग), प्रिया सिह (असि0प्रो0 समाजशास्त्र विभाग) एवं निशा (असि0प्रो0 समाजशास्त्र विभाग) द्वारा प्रेषित की गयी।

दिनांक 01.04.2022 को छात्राओं के शैक्षिक स्तर की प्रामाणिकता प्रदान करने हेतु प्राचार्या डा0 निर्मला यादव के मार्गदर्शन में उपाधि वितरण समारोह का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में 2015–2019 तक की उपाधियों का वितरण किया गया।

कार्यक्रम का शुभारम्भ महाविद्यालय की प्राचार्या डा0 निर्मला यादव, चीफ प्राक्टर डॉ0 रत्ना सक्सेना, वरिष्ठ प्रवक्ता डॉ0 अन्जु शर्मा, डॉ0 तुलसी देवी द्वारा माँ सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्जवलन द्वारा किया गया। संगीत विभाग की प्रवक्ता डॉ0 निष्ठा शर्मा एवं तबला संगतकार ममता गुप्ता के निर्देशन में महाविद्यालय की छात्राओं संगीता, कलश, मुस्कान, कविता, कंचन, सरिता द्वारा 'हे वीणावादिनी माँ हंसवाहिनी' इस सरस्वती वंदना की प्रस्तुति की गई।

छात्राओं के उपाधि वितरण समारोह के इस अवसर पर प्राचार्या ने समस्त उत्तीर्ण छात्राओं को संबोधित करते हुए अपने विचार व्यक्त किए। शिक्षा केवल हमारे जीवन के एक क्षेत्र की सफलता को नही अपितु जीवन के सभी क्षेत्रों को सुनिश्चित करती है। उनके अनुसार इन डिग्रीयों का महत्व तभी है जब आप अपनी कुशलता को समाज एवं देश की उन्नति में लगाएं। शिक्षा के क्षेत्र में प्राप्त यह उपाधि आपके लिए रोजगार की संभावना प्रदान करती है, जिससे आप अपने भावी जीवन को सरल एवं सुखमय बना सकते हैं। इन्ही शब्दो के सांथ प्राचार्या जी ने उत्तीर्ण छात्राओं को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।



दिनांकः 25.06.2022 को 08वें उपाधि वितरण समारोह का आयोजन महाविद्यालय द्वारा परिसर में स्थित सेठ कुन्दनलाल उमरावलाल हॉल सभागार में किया गया। कार्यक्रम का पारम्परिक शुभारम्भ दीप प्रज्ज्वलन एवं मॉ सरस्वती के चरणों में पुष्प अर्पण द्वारा किया गया। इस शुभअवसर में सांस्कृतिक प्रभारी डॉ0 निष्ठा शर्मा (असिस्टेन्ट प्रोफेसर–संगीत गायन) के संगीत निर्देशन में छात्राओं नें दीप मंत्र ''दीप ज्योति–परं ज्योति'' तथा डॉ0 निष्ठा शर्मा द्वारा रचित ''हे मॉ शारदे, वर दे'' वन्दना की सुमधुर प्रस्तुति दी। श्रीमती ममता गुप्ता द्वारा तबले पर संगत की गयी। इसके पश्चात् भारत भूमि की वंदना करते हुए सम्पूर्ण वन्देमातरम् की ओजपूर्ण प्रस्तुति दी। भारतीय संस्कृति के आदर्श अतिथि देवों भव की परम्परा का निर्वहन करते हुए प्राचार्या डॉ0 निर्मला यादव एवं वरिष्ठ प्रवक्ताओं के द्वारा मुख्य अतिथि फिरोजाबाद के सदर विधायक श्री मनीष असीजा जी, विशिष्ट अतिथि प्रबन्ध समिति के अध्यक्ष श्री राजेश्वर प्रसाद बंसल जी को उत्तरीय एवं पुष्पगुच्छ द्वारा सम्मानित कर स्वागत किया गया। महाविद्यालय प्राचार्या द्वारा 2020 एवं 2021 की उत्तीर्ण छात्राओं के उपाधि वितरण की घोषणा की गयी। साथ ही स्नातक एवं स्नातकोत्तर स्तर पर विश्वविद्यालय व महाविद्यालय स्तर पर सर्वाधिक अंक व पदक प्राप्त करने वाली छात्राओं को सम्मानित किया गया। महाविद्यालय के सचिव श्री अनिल उपाध्याय जी ने अपने उद्बोधन में छात्राओं को दीक्षांत के वास्तविक अर्थ से अवगत कराते हुए प्रत्येक परिस्थिति में आगे बढ़ते रहने का शुभाशीष दिया। मुख्य अतिथि मा0 मनीष असीजा ने भी अपने उद्बोधन से प्रत्येक कार्य को पूरी निष्ठा एवं ईमानदारी से करने की प्रेरणा दी।




कार्यक्रम कें अन्तिम चरण में महाविद्यालय प्राचार्या ने संस्कृत मंत्र ''संगच्छध्वं संवदध्व'' की उद्घोषणा करते हुए कहा कि हम सब साथ–साथ चलें और साथ मिलकर बोले तो कभी असफलता नहीं होगी, यही हमारे संस्थान का मुख्य उद्देश्य है। छात्राओं को भी विद्यार्थियों के गुणों के बारे में समझाया। कार्यक्रम में समस्त अतिथियों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का सफल मंच संचालन डॉ0 निष्ठा शर्मा द्वारा किया गया। अन्त में महाविद्यालय के संगीत विभाग की छात्राओं द्वारा राष्ट्रगॉन से कार्यक्रम का समापन हुआ।

25/6/2022
(डॉ0 निर्मला यादव)
प्राचार्या

25/6/2022
(डॉ0 निष्ठा शर्मा)
सांस्कृतिक प्रभारी